# प्रेसनोट थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।

**पुलिस अधीक्षक नगर एवं सहायक पुलिस अधीक्षक हरीपर्वत के कुशल नेतृत्व में थाना हरीपर्वत, सदर, सिकन्दरा, न्यू आगरा व अन्य टीमों के संयुक्त ऑपरेशन द्वारा मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड में डकैती डाल भारी मात्रा में सोना और रूपया लूट कर ले जाने वाले दो अभियुक्तों को मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार, दोनों अभियुक्तो की उपचार के दौरान हुयी मृत्यु, अभियुक्तगण के कब्जे से लूट के 303 पैकेट इनवैन्ट्री (सोने के आभूषण लगभग 7.5 किग्रा0), रू0 1,65,000/- व 02 अदद पिस्टल बरामद......**

## ➢घटना का विवरण:-

दिनांक 17.07.2021 को वादी श्री विजय कुमार नरवरिया पुत्र महेश कुमार नरवरिया द्वारा थाना कमलानगर पर सूचना दी गयी कि मैं मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड बी 36 तीसरा फ्लोर नियर बैंक ऑफ इण्डिया थाना कमला नगर जनपद आगरा पर ब्रान्च मैनेजर के पद पर कार्यरत हूं। मैं तथा समस्त स्टाफ ब्रान्च में मौजूद थे। आज दोपहर लगभग 01.00 बजे से 02.00 के मध्य दो व्यक्ति शाखा के अन्दर आये और लोन के सम्बन्ध में बात करने लगे, इसके बाद तीन व्यक्ति और अन्दर आ गये और उन लोगों ने असलाह निकाल कर हम लागों पर तानते हुए चुपचाप रहने के लिए बोला वरना जान से मारने की धमकी देने लगे। वो मुझे व मेरे स्टाफ को असलहों की बटों व लात-घूसों से मारने लगे। मुझसे जबरदस्ती सेफ खुलवाकर, उन्होंने पॉलिथिन के पैकटों और प्लास्टिक के डिब्बों में रखे लगभग 19 किग्रा सोना तथा रू0 6,00,000/- अपने साथ लाये बैगों में भर लिये और हम लोगों को शाखा में अन्दर बन्द कर बाहर से ताला लगा धमकी देकर भाग गये। इस संवेदनशील घटना पर तत्काल थाना कमलानगर पुलिस द्वारा उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए मु0अ0सं0 168/21 धारा 395/397 भादवि पंजीकृत किया गया।

जनपद आगरा पुलिस को चुनौती देती हुयी उपरोक्त सनसनीखेज घटना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा, श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा द्वारा मौके पर पहुंच मुआयना किया गया एवं अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक नगर व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पश्चिमी के नेतृत्व में, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी हरीपर्वत के सफल पर्यवेक्षण में, थाना कमलानगर पुलिस सहित अन्य टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जनपद की सीमाओं को सील किया गया।

## ➢ पुलिस टीमों द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण:-

इसी क्रम में दिनांक 17.07.2021 को गठित पुलिस टीमों द्वारा उपरोक्त तलाश अभियुक्त हेतु मणप्पुरम गोल्ड लोन शाखा पर पहुंच कर्मचारियों से पूछताछ के उपरान्त ज्ञात हुआ कि बदमाशों द्वारा जो सोना लूटा गया है उसमें सुरक्षा हेतु जी.पी.एस. लगा हुआ है । इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा लोकेशन की जानकारी की तो अपराधियों का एत्मादपुर भागने का संकेत प्राप्त हुआ।

पुलिस अधीक्षक नगर श्री बोत्रे रोहन प्रमोद व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पश्चिमी श्री सत्यजीत गुप्ता के कुशल नेतृत्व में टीमें तत्काल योजना बनाकर एत्मादपुर क्षेत्र व आसपास क्षेत्र में पहुच गयीं और सभी सीमाओं को सील करते हुए टेक्निकल सपोर्ट के आधार पर बैरियर लगाकर सघन चैकिंग करने लगी । इनपुट मिलने के आधार पर एत्मादपुर से खंदौली रोड पुलिस टीम द्वारा की जा रही सघन चैकिंग व गश्त के दौरान माँ खैरानी मेडीकल स्टोर के सामने दो व्यक्ति अपने पीठ पर पिट्ठू बैग को लादकर जा रहे थे । पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया, पुलिस टीम को देख दोनों व्यक्ति सकपका गये और सामने स्थित मैडिकल स्टोर में अन्दर घुस गये और शटर गिराकर अन्दर से बन्द कर लिया । शक होने पर पुलिस टीम द्वारा उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए अन्य पुलिस टीमों को बुला लिया गया । पुलिस टीम द्वारा बुलेट प्रूफ जैकेट पहन दुकान के शटर को अत्यधिक सावधानीपूर्वक खोलने की कार्यवाही की जाने लगी। प्रभारी निरीक्षक हरीपर्वत श्री अरविन्द कुमार द्वारा दीवार की आड़ लेकर शटर खोला गया । दोनों अभियुक्तों द्वारा अपने आप को घिरता देख ताबड़तोड़ फायरिंग की जाने लगी, जिससे पुलिस अधीक्षक नगर व प्रभारी निरीक्षक हरीपर्वत के सीने में सीधे गोली लगी लेकिन बुलेट प्रूफ जैकेट होने की वजह से कोई हानि नहीं हुयी।

अभियुक्तों द्वारा लगातार फायरिंग करने पर पुलिस टीमों द्वारा अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए ड्यूटी के प्रति अपनी निष्ठा को प्रदर्शित कर अपने आप का बचाव करते हुए नीचे लेट कर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर किया गया । कुछ समय बाद अन्दर से फायरिंग होना बन्द हो गयी । पुलिस टीम द्वारा अत्यन्त सावधानी पूर्वक अन्दर झांककर देखा गया तो दोनों अभियुक्त जमीन पर पड़े कराह रहे थे । पुलिस टीम द्वारा सावधानी से पास जाकर बरामद पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर उसमें सम्बधित लूटे गये 303 सोने के जेवरात से भरे हुए छोटे-छोटे पैकेट व 1,65,000/- रखे हुए थे । अभियुक्तों के कब्जे दो अदद पिस्टल मय 11 खोखा एवं 03 जिन्दा कारतूस, 02 मोबाइल भी बरामद हुए।

## ➢ पूछताछ का विवरण:-

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तगण से पूछताछ करने पर अपना नाम 01-मनीष पाण्डे पुत्र शिवशंकर नि0 जैन नगर जनपद फिरोजाबाद व 02-निर्दोष कुमार पुत्र माताप्रसाद पुत्र नि0 ग्राम रशीदपुर

जनपद फिरोजाबाद बताया गया। बरामद सोने व अन्य साथियों के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर बताया गया कि आज दोनों ने अपने 03 अन्य साथी सहित कुल पाँच लोगों 03-नरेन्द्र उर्फ लाला, 04-अन्शू सोलंकी व 05-प्रभात शर्मा नि0गण फिरोजाबाद ने कमला नगर स्थित मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड में डकैती डाली थी, जिसमें से हमारे साथी अपने हिस्से का सोना व रूपया लेकर कुबेरपुर की ओर भाग गये थे। पुलिस टीम द्वारा घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु तत्काल नजदीकी सरकारी अस्पताल एत्मादपुर भेजा गया जहाँ से प्राथमिक उपचार के पश्चात घायल बदमाशो को एस.एन. मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। उपचार के दौरान दोनो घायल बदमाशो को मृत घोषित किया गया।

## ➢ गिरफ्तार/घायल अभियुक्त का विवरण:-

01. मनीष पाण्डे पुत्र शिवशंकर नि0 जैन नगर जनपद फिरोजाबाद।
02. निर्दोष कुमार पुत्र माताप्रसाद पुत्र नि0 ग्राम रशीदपुर जनपद फिरोजाबाद।

## ➢ फरार अभियुक्तगण का विवरण:-

01. 03-नरेन्द्र उर्फ लाला निवासी जनपद फिरोजाबाद।
04. अन्शू निवासी जनपद फिरोजाबाद।
05. प्रभात शर्मा निवासी जनपद फिरोजाबाद।

## ➢ बरामदगी का विवरण-

1. मृतक अपराधी मनीष पाण्डेय पुत्र शिवशंकर निवासी जयनगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद के कब्जे से बरामदगी का विवरण निम्नवत है-

(i). 1 बैग रंग काला जिसमें 1 टीशर्ट रंग काला, 2 अन्डरवियर, 3 रूमाल रंग सफेद, 1 नीली जीन्स, 1,65,000/- रूपये, 165 पैकेट इन्वेन्ट्री ( सोने के आभूषण )।

(ii). 1 अदद मोबाइल रंग काला Honor कम्पनी।

(iii). 1 पिस्टल 32 बोर, 1 जिन्दा कारतूस 32 बोर।

2. मृतक अपराधी निर्दोष कुमार पुत्र माताप्रसाद निवासी कनहरा कबरई थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद के कब्जे से बरामदगी का विवरण निम्नवत है-

(i). 1 रैडचीफ बैग रंग काला जिसमें 1 अनुबन्ध पत्र नोटरी 50 एवं 10 के स्टाम्प क्रेता निर्दोष कुमार, पेन कार्ड, हाफ टी-शर्ट, एक गमछा, एक कैप एवं कुल 135 पैकेट इन्वेन्ट्री ( सोने के आभूषण )।

(ii). काले रंग का पर्स जिसमें 1 आधार कार्ड, 1 ड्राइविंग लाइसेन्स, 1 एटीएम कार्ड, 200/- रूपये।

(iii). 1 मोबाइल कीपैड रंग काला जिओ कम्पनी।

(iv). 1 पिस्टल 32 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 32 बोर

3. घटनास्थल के बरामदगी का विवरण-

(i). 11 खोखा कारतूस 32 बोर।

## ➢ आपराधिक इतिहास:-

01. **अभियुक्त मनीष पाण्डेय उर्फ राजा पाण्डेय उपरोक्त:-**

01. मु0अ0सं0 168/21 धारा 395/397 भादवि थाना कमला नगर जनपद आगरा।

02. मु0अ0सं0 880/14 धारा 147/148/149/120बी/302/34 भादवि थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

03. 938/14 धारा 25ए एक्ट थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

04. 659/13 धारा 294 भादवि थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

02. **अभियुक्त निर्दोष कुमार उपरोक्त:-**

01. 01. मु0अ0सं0 168/21 धारा 395/397 भादवि थाना कमला नगर जनपद आगरा।

## ➢ गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

01. प्रभारी निरीक्षक श्री अरविन्द कुमार थाना हरीपर्वत जनपद आगरा।

02. प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र शर्मा थाना कमलानगर जनपद आगरा।

03. प्रभारी निरीक्षक श्री कमलेश सिंह थाना सिकन्दरा जनपद आगरा।

04. प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कौशल थाना सदर बाजार जनपद आगरा।

05. निरीक्षक श्री नरेन्द्र सिंह प्रभारी क्रिमिनल इंटेलजेंस यूनिट जनपद आगरा।

06. प्रभारी निरीक्षक श्री भूपेन्द्र बालियान थाना न्यू आगरा जनपद आगरा।

07. प्रभारी निरीक्षक श्री अनुज कुमार सैनी थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।

08. व0उ0नि0 श्री अवनीश त्यागी थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।

06. उ0नि0 मोहित कुमार, उ0नि0 श्री राजकुमार बालियान थाना हरीपर्वत जनपद आगरा।

07. उ0नि0 अमर मलिक थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।

08. हे0का0 आदेश त्रिपाठी, हे0का0 करनवीर, हे0का0 दीपक कुमार, हे0का0 अरूण कुमार, हे0का0 प्रशान्त कुमार, अजीत कुमार, का0 राजकुमार, का0 आशीष कुमार सर्विलांस टीम जनपद आगरा।

09. का0 गौतम चौधरी, का0 हरिओम सिंह थाना हरीपर्वत जनपद आगरा।

10. हे0का0 राकेश कुमार, का0 कुलदीप कुमार थाना सिकन्दरा जनपद आगरा।

11. हे0का0 सुनील कुमार थाना न्यू आगरा जनपद आगरा।

12. हे0का0 अजय कुमार, हे0का0 राजन दुबे, का0 नीरज, का0 सुरजीत, का0 सुवधेश थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।